संख्या–cm-220
23/04/2021

मुम्बई के विरार स्थित विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से कोविड के 13 मरीजों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मुख्यमंत्री ने बिहार के सभी अस्पतालों में पर्याप्त सतर्कता एवं सुरक्षा बरतने का निर्देश दिया

पटना, 23 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुम्बई के विरार स्थित विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से कोविड के 13 मरीजों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह घटना काफी दुखद एवं मर्माहत करने वाली है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने बिहार के स्वास्थ्य विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग को फायर ऑडिट के संबंध में समुचित निर्देश दिया था। पुनः प्रधान सचिव स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि प्रदेश के सभी अस्पतालों में फायर ऑडिट के संबंध में पूर्ण सतर्कता एवं सुरक्षा बरतें ताकि इस तरह की अप्रिय घटना का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने फायर बिग्रेड एवं अन्य संबद्ध विभागों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

******